

## एजाज ने किन-किनको आउट किया था

एजाज ने पहली पारी में भारतीय कप्तान विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रिद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, जयंत यादव, मोहम्मद सिराज और मयंक अग्रवाल को पवेलियन की राह दिखाई। कोहली, पुजारा और अश्विन तो खाता भी नहीं खोल सके।

## 10 विकेट लेने वाले एजाज पटेल को आईसीसी ने बड़ा इनाम दे दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अकेले अपने दम पर पूरी भारतीय टीम को समेटने वाले एजाज पटेल को इनाम मिला है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने उन्हें दिसंबर 2021 यानी बीते माह का बेस्ट पुरुष क्रिकेटर चुना है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे मैच में एजाज पटेल ने एक पारी में 10 विकेट चटकाकर इतिहास रचा था। यह कारनामा करने वाले वह ऑस्ट्रेलिया के जिमी लेकर और भारत के अनिल कुंबले के बाद दुनिया के दूसरे बोलर बने थे। मुंबई टेस्ट की दोनों पारियों में मिलाकर 16.07 की औसत से 14 विकेट चटकाने वाले एजाज ने दिसंबर में यही एकमात्र टेस्ट मैच भी खेला। 14/225 साल 2021 में किसी भी खिलाड़ी का बेस्ट बोलिंग फिगर भी था। आईसीसी वोटिंग एकडेमी के मेंबर जेपी डुमिनि ने पटेल के चयन पर कहा, एजाज ने जो किया वह कमाल था। अकेले एक पारी में 10 विकेट हर रोज नहीं चटकाए जाते। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पहल के तहत फैंस इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में अपने पसंदीदा पुरुष और महिला क्रिकेटरों के लिए हर महीने वोट देना जारी रख सकते हैं।

# विराट कोहली इन, विहारी होंगे आउट? पर यह ज्यादती नहीं?

क्रिकेट

## हनुमा विहारी ने जोहान्सबर्ग में दूसरी पारी में बनाए थे नाबाद 40 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में वापसी करेंगे। पीठ में जकड़न के चलते कोहली सीरीज के दूसरे मैच में नहीं खेले थे। उनके स्थान पर हनुमा विहारी को शामिल किया गया था। अब जब कोहली वापसी करेंगे तो माना जा रहा है कि विहारी को केपटाउन टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन से बाहर होना पड़ सकता है। पर क्या यह इस बल्लेबाज के साथ ज्यादती नहीं होगी?

सवाल, थोड़ा असहज करने वाला है। पर टीम के कोच राहुल द्रविड़ भी इसका इशारा कर चुके थे। द्रविड़ ने कहा था कि विहारी और श्रेयस अय्यर को अपने मौकों का इंतजार करना होगा। ऐसे में इस बात की काफी संभावना है कि विराट के वापसी करते ही विहारी मिडल ऑर्डर में उनके लिए जगह



खाली करेंगे।

जोहान्सबर्ग टेस्ट मैच से पहले विहारी ने पिछला मैच सिडनी में खेला था। ऑस्ट्रेलिया में चोट से जूझते हुए उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 23 रन बनाए थे। वह विकेट पर टिके रहे थे और रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर उन्होंने मैच ड्रॉ करवाया था। इस जुझारूपन ने भारत को सीरीज जीतने में अहम मदद की थी। जोहान्सबर्ग में भी उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 40 रन बनाए। वह विकेट पर टिकना जानते हैं और रन बनाना भी। हालांकि उनका फर्स्ट-क्लास बल्लेबाजी औसत 55.50 का है। और उनके नाम 7548 रन हैं जिसमें 21 शतक शामिल हैं। इसमें 302' उनका हाईऐस्ट है।

अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा काफी समय से खराब फॉर्म में थे। इसके बावजूद पहले टेस्ट में उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। साउथ अफ्रीका दौरे पर पहले टेस्ट में भी वे असफल रहे। इसके बाद भी टीम मैनेजमेंट ने उनके अनुभव पर भरोसा जताया और दूसरे टेस्ट में उन्हें मौका दिया गया। जोहान्सबर्ग टेस्ट की दूसरी पारी में दोनों ने काउंटर-अटैक करते हुए हाफ सेंचुरी लगाई। ऐसा लगता है कि टीम मैनेजमेंट केपटाउन की विकेट पर फिर एक बार इस अनुभवी जोड़ी पर भरोसा जता सकता है।

विहारी को न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई घरेलू सीरीज में शामिल नहीं किया गया था। वह ए टीम के साथ साउथ अफ्रीका दौरे पर थे। वह यहां की ए टीम के खिलाफ सीरीज में खेले। यहां उन्होंने तीन फर्स्ट क्लास मैचों में तीन हाफ सेंचुरी लगाईं। विहारी का इस टीम में शामिल होना, भारतीय टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा बताया गया।

# जेंटलमेंस गेमः विदाई टेस्ट में टेलर को गार्ड ऑफ ऑनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। किसी खिलाड़ी की चाहत क्या होती है। जब वह शुरुआत करे तो दुनिया उसका नाम जान जाए और जब खेल को अलविदा कहे तब सदियों तक उसका नाम याद रखा जाए। न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर अपने करियर का आखिरी मैच खेल रहे हैं। सोमवार को जब वह पहली पारी में बल्लेबाजी करने आए तो मैदान पर एक खूबसूरत तस्वीर नजर आई।

डिवॉन कॉन्वे के रूप में दूसरा विकेट गिरने के बाद रॉस टेलर मैदान पर आए, उन्हें देखते ही मैदान पर मौजूद हर दर्शक अपनी सीट छोड़कर खड़ा हो गया। पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बांग्लादेशी



खिलाड़ियों ने एकसाथ आकर टेलर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। हालांकि वह बल्ले से कोई छाप नहीं छोड़ पाए। टेलर 28 रन बनाकर आउट हुए। पवेलियन की ओर जाने के दौरान भी दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अगर वह फिर बल्लेबाजी के लिए नहीं आते हैं तो उनके नाम 7683 टेस्ट रन होंगे। न्यूजीलैंड ने जिस तरह से रनों का पहाड़ लगाया है, उससे लगता नहीं कि दूसरी पारी में उन्हें बल्लेबाजी करनी पड़े, उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए रिकॉर्ड 112 टेस्ट खेलने के डेनियल विटोरी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

**न्यूजीलैंड ने खड़ा किया रनों का पहाड़:** क्रीज पर 552 मिनट खड़े रहकर 305 गेंद खेलने वाले टॉम लाथम ने 252 रन की शानदार पारी खेली। डिवॉन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए उन्होंने 215 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका में जन्में खब्बू बल्लेबाज कॉन्वे ने पांच टेस्ट में तीन शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं, उनके अब नौ टेस्ट पारियों में 623 रन हो गए हैं। वह 109 के स्कोर पर रन आउट हुए। इससे पल ओपनर विल यंग ने भी फिफ्टी जमाई। इन खिलाड़ियों के बूते न्यूजीलैंड ने 521/6 पर अपनी पारी घोषित की।

## जोकोविच की कानूनी जीतः वीजा रद्द मामले पर कोर्ट से बड़ी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई ओपन शुरू होने से ही नोवाक जोकोविच जीत गए। यह जंग कोर्ट के बाहर ऑस्ट्रेलिया सरकार से थी। अपना खिताब बचाने मेलबर्न पहुंचे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी को एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया था। वीजा रद्द कर दिया गया। इधर जोकोविच भी अड़ गए। पांच रात डिटेंशन सेंटर में गुजारनी पड़ी। अब कोरोना वैक्सीन से जुड़े पूरे मसले पर जोकोविच को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार को हुई इस अहम सुनवाई में जजों ने जोकोविच के पक्ष में फैसला सुनाते हुए वीजा रद्द न करने के आदेश दिए। साथ ही उन्हें तुरंत डिटेंशन सेंटर से हटाकार किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने का निर्णय लिया। इसका मतलब यह कि अब डिफेंडिंग चैंपियन और सर्वाधिक नौ बार के विजेता जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने 10वें खिताब के लिए जान लड़ाते नजर आएंगे। भारतीय समयानुसार सुबह 4.30 बजे मामले की सुनवाई शुरु हुई। जिसके बाद कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग क्रैश कर गई, हालांकि कुछ देर बाद इसे दुरुस्त भी कर लिया गया।

## न्यूज डायरी



### न्यूजीलैंड के कप्तान लेथम का बड़ा धमाका, 34 चौके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के कप्तान टाम लेथम ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली जा रही दो मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में धमाकेदार दोहरा शतक जमाया। इस पारी के दम पर टीम ने 6 विकेट पर 521 रन पर बनाकर पहली पारी घोषित की। कीवी कप्तान ने हेडिंग्ले ओवल में 252 रन की पारी खेलकर इस मैदान पर सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकार्ड बनाया। सोमवार को न्यूजीलैंड की टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दूसरे दिन पकड़ मजबूत कर ली। दमदार दोहरे शतक के बाद मेजबान टीम ने पहली पारी घोषित की। इसके बाद ट्रेंड बोल्ट की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश को महज 126 रन पर पहली पारी ढेर कर फालोआन पर मजबूर किया। हालांकि फोलोआन दिया जाएगा या नहीं इस पर फैसला नहीं लिया गया है लेकिन 395 रन की बढ़त के बाद मेजबान टीम इसे जरूर देना चाहेगी। कीवी कप्तान ने मैच के दूसरे दिन 185 रन से आगे खेलते हुए दोहरा शतक जमाया।

### अगर भारत ने इस गेंदबाज को शामिल नहीं किया तो बड़ी गलती होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पास तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को जीतने का अब सिर्फ एकमात्र मौका है। मंगलवार से शुरू हो रहे केपटाउन टेस्ट में जीत से ही भारत पहली बार साउथ अफ्रीका की धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का कमाल कर सकता है। इस मैच में जीत के लिए टीम इंडिया को अपनी प्लेइंग इलेवन का चयन काफी संभलकर करना होगा। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी हो रही है साथ ही सिराज का चोटिल होना टीम के लिए चिंता का विषय है क्योंकि वो गजब की लय में थे और साउथ अफ्रीका में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। अब सिराज की जगह किसे प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाए इसे लेकर कई क्रिकेट पंडित अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। प्रज्ञान ओझा ने कू करते हुए कहा कि भारतीय टीम केपटाउन टेस्ट के लिए अगर अपनी प्लेइंग इलेवन में सिराज की जगह ईशांत शर्मा को शामिल नहीं करता है तो बहुत बड़ी गलती करेगा।

### ...तो क्या कोरोना के गढ़ में होगा आईपीएल 2022

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। देश में कोरोना वायरस के लगातार मामलों के मद्देनजर बीसीसीआई आईपीएल को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकता है। बीते एक-दो दिन से मीडिया में हल्ला था कि इस सीजन भी इंडियन प्रीमियर लीग विदेश में ही होने जा रहा है, लेकिन हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार प्लान बी तैयार है। बोर्ड हर हाल में चाहता है कि आईपीएल स्वदेश में ही हो, लेकिन यह कैसे संभव है, आइए आगे समझते हैं। हैरान करने वाली बात है कि इस वक्त देश में जिस राज्य में कोरोना सबसे तेजी से फैल रहा है, बीसीसीआई पूरा सीजन अकेले उसी सूबे में करवाना चाहता है। टीओआई की खबर के अनुसार बोर्ड मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम, ब्रेबॉन स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम (नवी मुंबई) के साथ-साथ पुणे के नजदीक महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में सारे मुकाबले करवाने की तैयारी में है।

### दो साल बाद हो रहे टूर्नामेंट में श्रीकांत-सिंधु को शीर्ष वरीयता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु को दो साल के बाद वापसी कर रहे इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्रमशरू पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। टूर्नामेंट मुख्य ड्रॉ के साथ 11 जनवरी से शुरू होगा और कोविड-19 महामारी के कारण कार्यक्रम स्थल पर किसी भी दर्शक को अनुमति नहीं दी जाएगी। बीएआई द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट से 2022 का अंतरराष्ट्रीय सत्र शुरू होगा। मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भारत के श्रीकांत को पुरुष एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन लोह कीन यू और कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन भी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल हैं।